13/11/25 आज यह पत्रावली हमारे समक्ष
वास्ते आदेश हेतु पेश हुयी। वकीलान
फरीकैन हाजिर। हमने पत्रावली का अध्ययन
किया तथा पत्रावली पर मनन किया गया।
वादी का वाद-पत्र डिक्री किया जाता है।
विस्तृत निर्णय अलग से लिखकर जारी
शा०मि० किया गया। पत्रावली फैसलशुदा
होकर नम्बर से कम हो। बाद पूर्ति द। दाखिल
दफ्तर हो।

उपखण्ड अधिकारी
बहरोड़ (कोटपूतली–बहरोड़)

## न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बहरोड़ कोटपूतली–बहरोड़ राज.

पीठासीन अधिकारी – रामकिशोर मीना–II (आर ए एस)
राजस्व प्रार्थना न0 – 177 / 2025
दायर दिनांक – 13.08.2025
निर्णय दिनांक – 13/11/25

उनवान

1. श्रवण देवी पत्नी हरिसिंह जाति माली निवासी ग्राम बहरोड़ तरफ गंगाबिशन तहसील–बहरोड़।
2. इन्दिरा पुत्री हरिसिंह जाति माली निवासी ग्राम बहरोड़ तरफ गंगाबिशन तहसील–बहरोड़।
3. मीना पुत्री हरिसिंह जाति माली निवासी ग्राम बहरोड़ तरफ गंगाबिशन तहसील–बहरोड़।
4. जितेन्द्र पुत्र हरिसिंह जाति माली निवासी ग्राम बहरोड़ तरफ गंगाबिशन तहसील–बहरोड़।
5. पवन कुमार पुत्र हरिसिंह जाति माली निवासी ग्राम बहरोड़ तरफ गंगाबिशन तहसील–बहरोड़।
6. राजकुमार पुत्र हरिसिंह जाति माली निवासी ग्राम बहरोड़ तरफ गंगाबिशन तहसील–बहरोड़।
7. गजानन्द पुत्र सुल्तान जाति माली निवासी बहरोड़ तरफ गंगाबिशन तहसील बहरोड़। ..............वादी

बनाम्

1. चमेली देवी पत्नी रामसिंह जाति अहीर निवासी कुण्ड रोड बहरोड़ हाल आबाद ग्राम मुण्डिया खेडा तहसील बहरोड़।
2. पन्ना देवी पत्नी सोमदत्त जाति अहीर निवासी हाल मोहल्ला मानपुरा जाटवाली ढाणी बहरोड़ तहसील बहरोड़।
3. विजयसिंह पुत्र रामजीलाल जाति अहीर निवासी कुण्ड रोड बहरोड़ हाल आबाद बिजली पावर हाउस के पास बहरोड तहसील बहरोड।
4. सुमन देवी पत्नी देवेन्द्र जाति अहीर निवासी कुण्ड रोड बहरोड़ नजदीक गुलाब मैमोरियल अस्पताल के पास तहसी बहरोड़ जिला कोटपूतली–बहरोड़।
5. लैण्ड होल्डर एण्ड तहसीलदार साहब, बहरोड तहसील–बहरोड। .प्रतिवादीगण

**दावा इस्तकराररहक दुरुस्ती नक्शा ट्रेस**

**उपस्थित :–**

1. विरेन्द्र सिंह यादव अधिवक्ता वादी
2. श्री विजय मेहरा अधिवक्ता प्रतिवादीगण

**–: निर्णय :–**

आज यह पत्रावली हमारे समक्ष वास्ते आदेश हेतु पेश कि गई। पत्रावली के सुक्ष्म वृतान्त इस प्रकार से है कि आराजी खसरा नम्बर साबिक 838 मिन जिसका हाल ख. न. 1020 रकबा 53 ऐयर ,1021 रकबा 03 ऐयर व साबिक ख.न. 835 जिसका हाल ख.न. 1023 रकबा 90 ऐयर वाके वाके ग्राम बहरोड तरफ गंगा बिशन तहसील बहरोड में स्थित है। आराजी खसरा नम्बर 838 व 835 पूर्व में वाके ग्राम बहरोड तरफ नैनसुख तहसील बहरोड में स्थित थी। जो वर्तमान में बहरोड तरफ गंगाबिशन तहसील बहरोड में स्थित है। आराजी खसरा नम्बर 1020 व 1021 के वादीगण मुताबिक राजस्व रिकार्ड के खातेदार काश्तकार काबिज है। तथा ख.न.

उपखण्ड अधिकारी
बहरोड़ (कोटपूतली–बहरोड़)

हाल 1023 के प्रतिवादी सं. 1 लगायत 4 खातेदार काश्तकार काबिज है। आरजी ख. न. साबिक 838 के तरफ दक्षिण में ख.न. साबिक 835 स्थित है जो साबिक नक्शा ट्रेस मे अंकित है। यानी साबिक ख. न. 839 के तरफ दक्षिण में 838 व 838 के तरफ दक्षिण में 835 अंकित है। तथाा इसी प्रकार से कदीमी से उक्त आराजी की डोल चली आ रही है जो मौके पर मौजूद है। जो साबिक नक्शा सम्वत 2020 में अंकित है। उपरोक्त साबिक नक्शा ट्रेस के साबिक ख.न. 838 के हाल ख. न. 1020,1021 बनाये गये जो ख. न. हाल 1022 के तरफ दक्षिण को कायम करने चाहिए थे तथा 1020 व 1021 के तरफ दक्षिण को ख.न. हाल 1023 कायम करना चाहिए था लेकिन उत्तर दक्षिण की बजाये पूर्व पश्चिम अंकित कर दिया जो तरफ पूर्व में ख.न. 1020 व 1021 व तरफ पश्चिम में 1023 अंकित कर दिया जो खिलाफ मौका खिलाफ कब्जा खिलाफ साबिक नक्शा ट्रेस है जो काबिल दुरूस्ती है।

श्रीमान से प्रार्थना है कि वादीगण का वाद पत्र स्वीकार किया जाकर निम्न दादरसी बहक वादीगण विरूद्व प्रतिवादीगण सादीर अता फरमाया जाने की कृपा करे कि डिक्री इस्तकरारहक दुरूस्ती नक्शा ट्रेस बहक वादीगण विरूद्व प्रतिवादीगण इस अमर की सादीर अता फरमायी जावे की आराजी ख. न. साबिक 838 जिसका हाल ख.न. 1020,1021 व साबिक ख. न. 835 जिसका हाल ख.न.1023 वाके ग्राम बहरोड तरफ गंगाबिशन तहसील बहरोड में स्थित है। जो उक्त आराजी पूर्व में बहरोड़ तरफ नैनसुख तहसील बहरोड में स्थित था तथा साबिक नक्शा ट्रेस सम्वत 2020 में ख.न. साबिक 838 के तरफ दक्षिण में साबिक ख. नत्र 835 स्थित है। लेकिन राजस्व विभाग द्वारा नया नम्बर व नया नक्शा ट्रेस बनाते समय वादीगण व प्रतिवादीगण स. 01 लगायत 04 की खातेदारी सही दर्ज कर दी लेकिन हाल नक्शा ट्रेस में ख.न. हाल 1021 व 1021 के तरफ दक्षिण में खसरा नम्बर 1023 दर्ज करना चाहिए था लेकिन राजस्व विभाग द्वारा बिना मौके पर कब्जा की जाँच किये बिना साबिक नक्शा ट्रेस का अवलोकन किये बिना पुछताछ किये ख.न. 1020,1021 को नक्शा ट्रैस हाल में तरफ पूर्व व 1023 का तरफ पश्चित में दिखा दिया जो ख. न. 1020,1021 व 1023 को मिलाते हुऐ दर्शित कर दिया जो खिाला मौका खिालाफ साबिक नक्शा व ट्रेस व खिलाफ कब्जा है। जिसको मुताबिक साबिक नक्शा ट्रेस के दुरूस्त किया जाकर यानी ख.न. हाल 1021,1021 के तरफ दक्षिण को ख. न. 1023 को दर्ज किया जावे तथा इसी प्रकार से हाल नक्शा ट्रेस में दुरूस्ती की जावे।

वाद पत्र को दर्ज रजिस्टर कर प्रतिवादी को जरिये रजिस्टर डाक से तलब किया गया। जिसकी पालना में प्रतिवादी संत्र 01,02,03, द्वारा जवाब प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि आरजी खसरा नम्बर साबिक 838 जिसका हाल खसरा नम्बर 1020,1021 व साबिक खसरा नम्बर 835 जिसका हासल खसरा नम्बर 1023 वाके ग्राम बहरोड तरफ गंगाबिशन तहसील बहरोड़ में स्थित है जो उक्त आराजी पूर्व में बहरोड़ तरर्फ नैनसुख बहरोड तहसील बहरोड में स्थित थी तथा साबिक ट्रेस सम्वत 2020 में खसरा नम्बर साबिक 838 के तरफ दक्षिण में साबिक खसरा नम्बर 835 स्थित है लेकिन राजस्व विभाग द्वारा नया नक्शा बनाते समय वादीगण व प्रतिवादीगण स0 1लगायत 4 की खातेदारी सही दर्ज कर दी लेकिन हाल नक्शा ट्रेस में खसरा नम्बर हाल 1020,1021 के तरफ दक्षिण में खसरा नम्बर 1023 दर्ज करना चाहिऐ था लेकिन राजस्व विभाग द्वारा बिना मौके की जॉच किय बिना साबिक नक्शा ट्रेश का अवलोकन किये बिना पूछताछ किये खसरा नम्बर 1020,1021 को नक्शा ट्रेस हाल में तरफ पूर्व व 1023 को तरफ पश्चिम में दिखा दिया जो खसरा नम्बर 1020,1021 का मिलाते हुऐ दर्शिर्सत कर दिया। जिसको मुताबिक साबिक नक्शा ट्रेस के दुरूस्त किया जाकर यानि खसरा नम्बर हाल 1022 के तरफ मे खसरा नम्बर 1020; 1021, को अंकित किया जाकर खसरा नम्बर 1020,1021 के

उपखण्ड अधिकारी
[illegible] (कोटपूतली-बहरोड़)

तरफ दक्षिण को खसरा नम्बर 1023 को दर्ज किया जाकर इसी प्रकार हाल नक्शा ट्रेस मे दुरस्त किया जाता है तो हम उत्तरदाता को कोई आपत्ती नही है। प्रतिवादी पैरोकार सरकार द्वारा जवाब दावा प्रस्तुत कर अंकित किया है कि वाद न्यायालय श्रीमान से संबधित है व शेष वादीगण स्वयं सिद्ध करे बाबत अंकित किया है।

वादीगण द्वारा वाद पत्र के समर्थन मे नकल जमाबन्दी संवत 2073–2076 प्रदर्श–01,नकल जमाबन्दी संवत 2073–2076 प्रदर्श–02, नकल जमाबन्दी संवत 2073–2076 प्रदर्श–3, नकल मिलान क्षेत्रफल संवत 2042 प्रदर्श–4, नकल नक्शा संवत 2020 प्रदर्श–5, नकल जमाबन्दी वाके ग्राम नैनसुख संवत 2037 प्रदर्श–06, 07, 08, 09, नोटिस 80 सी.पी.सी प्रदर्श–10, नकल नक्शा ट्रेस संवत 2038 आदि पेश किये है एवं पवन पुत्र हरीसिंह जाति माली निवासी ग्राम बहरोड़ वादी का एव प्रतिवादी की और से श्री विजय सिंह पुत्र रामजीलाल जाति अहीर निवासी कुण्ड रोड बहरोड़ का शपथ पत्र पेश किया है।

हमारे द्वारा वकुलाय की बहस सुनी तथा पत्रावली का अवलोकन किया गया तथा वकुलाय की बहस पर मनन किया गया। आराजी खसरा नम्बर साबिक 838 जिसका हाल खसरा नम्बर 1020,1021 व साबिक खसरा नम्बर 835 जिसका हाल खसरा नम्बर 1023 वाके ग्राम बहरोड तरफ गंगाबिशन बनाये गये है। साबिक नक्शा ट्रेस संवत 2020 मे साबिक खसरा नम्बर 838 के तरफ दक्षिण मे साबिक खसरा नम्बर 835 स्थित है। हाल खसरा नम्बर बनाकर नया नक्शा मे हाल नक्शा ट्रेस में मे गलती से हाल खसरा नम्बर 1020,1021 के तरफ दक्षिण मे खसरा नम्बर 1023 दर्ज करना चाहिऐ था। लेकिन ख.न. 1020,1021 को नक्शा ट्रेस मे तरफ पूर्व व 1023 को तरफ दक्षिण में दिखा दिया जो इन खसरा नम्बर 1020,1021 व 1023 को मिलाते हुऐ दर्शित किया है। जो वास्तव में साबिक नक्शा के अनुरूप नही है। काबिल दुरूस्ती है। राजस्व अभिलेख जमाबन्दी मे इन्द्राज साबिक के अनुरूप सही किया गया है। जो नक्शे मे जो गलती हुयी है वह काबिल दुरूस्ती है। प्रतिवादीगण ने इस दुरूस्ती हेतु अपना इकबाल वाद पेश किया है।

–: आदेश :–

अत वादीगण का वाद पत्र डिक्री किया जाकर आदेश दिये जाते है कि आराजी खसरा नम्बर 1020,1021 व 1023 के एक्स पार्चा को कलमजन कर हाल खसरा नम्बर 1022 के तरफ दक्षिण में खसरा नम्बर 1020,1021 दर्ज किया जावे तथा हाल खसरा नम्बर 1020,1021 के तरफ दक्षिण को 1023 दर्ज किया जाने के आदेश दिये जाते है। उक्त इन्द्राज साबिक के अनुरुप हाल नक्शा ट्रेश मे संशोधन किये जाने के आदेश दिये जाते है। पर्चा डिक्री जारी करे।

आज दिनांक 13/11/25 को यह निर्णय मेरे लिखवाया जाकर खुले न्यायालय सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी
बहरोड (कोटपूतली–बहरोड)

उपखण्ड अधिकारी
बहरोड (कोटपूतली–बहरोड)

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बहरोड़ कोटपूतली–बहरोड़ राज.

पीठासीन अधिकारी – रामकिशोर मीना–II (आर ए एस)

राजस्व प्रार्थना न0 – 177 / 2025

दायर दिनांक – 13.08.2025

निर्णय दिनांक – 13/11/25

उनवान

1. भजन देवी पत्नी हरिसिंह जाति माली निवासी ग्राम बहरोड़ तरफ गंगाबिशन।
2. इन्दिरा पुत्री हरिसिंह जाति माली निवासी ग्राम बहरोड़ तरफ गंगाबिशन
3. मीना पुत्री हरिसिंह जाति माली निवासी ग्राम बहरोड़ तरफ गंगाबिशन
4. जितेन्द्र पुत्र हरिसिंह जाति माली निवासी ग्राम बहरोड़ तरफ गंगाबिशन
5. पवन कुमार पुत्र हरिसिंह जाति माली निवासी ग्राम बहरोड़ तरफ गंगाबिशन
   राजकुमार पुत्र हरिसिंह जाति माली निवासी ग्राम बहरोड़ तरफ गंगाबिशन
6. गजानन्द पुत्र सुल्तान जाति माली निवासी बहरोड़ तरफ गंगाबिशन तहसील बहरोड़ जिला कोटपूतली–बहरोड़। ..............वादी

बनाम

1. चमेली देवी पत्नी रामसिंह जाति अहीर निवासी कुण्ड रोड बहरोड़ हाल आबाद ग्राम मुण्डिया खेड़ा तहसील बहरोड़।
2. पन्ना देवी पत्नी सोमदत्त जाति अहीर निवासी हाल मोहल्ला मानपुरा जाटवाली ढाणी बहरोड़ तहसील बहरोड़।
3. विजयसिंह पुत्र रामजीलाल जाति अहीर निवासी कुण्ड रोड बहरोड़ हाल आबाद बिजली पावर हाउस के पास बहरोड़ तहसील बहरोड़।
4. सुमन देवी पत्नी देवेन्द्र जाति अहीर निवासी कुण्ड रोड बहरोड़ नजदीक गुलाब मैमोरियल अस्पताल के पास तहसी बहरोड़ जिला कोटपूतली–बहरोड़।
5. लैण्ड होल्डर एण्ड तहसीलदार साहब, बहरोड़ तहसील–बहरोड़। .प्रतिवादीगण

<u>दावा इस्तकरारहक दुरूस्ती नक्शा ट्रेस</u>

<u>उपस्थित :–</u>

1. विरेन्द्र सिंह यादव अधिवक्ता वादी
2. श्री विजय मेहरा अधिवक्ता प्रतिवादीगण

## –: पर्चा डिक्री :–

आज यह पत्रावली हमारे समक्ष वास्ते आदेश हेतु पेश कि गई। वकुलाय फरिकेन उपस्थित है। अत वादीगण का वाद पत्र डिक्री किया जाकर आदेश दिये जाते है कि आराजी खसरा नम्बर 1020,1021 व 1023 के एक्स पार्चा को कलमजन कर हाल खसरा नम्बर 1022 के तरफ दक्षिण में खसरा नम्बर 1020,1021 दर्ज किया जावे तथा हाल खसरा नम्बर 1020,1021 के तरफ दक्षिण को 1023 दर्ज किया जाने के आदेश दिये जाते है। उक्त इन्द्राज साबिक के अनुरूप हाल नक्शा ट्रेश में संशोधन किये जाने के आदेश दिये जाते है।

आज दिनाक 13/11/25 को यह पर्चा डिक्री मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा द्वारा जारी की गई।

रामकिशोर मीना–II
आर.ए.एस.

उपखण्ड अधिकारी
बहरोड़ (कोटपूतली–बहरोड़)